**भारत सरकार**
**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1124**
**10.02.2025 को उत्तर के लिए**

**सिक्किम राज्य में संरक्षित क्षेत्र**

**1124. डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बाः**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सिक्किम राज्य में संरक्षित क्षेत्रों की कुल संख्या और क्षेत्र का ब्यौरा क्या है;
(ख) कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्‌यान को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल में शामिल किए जाने के बाद से इसकी सुरक्षा और प्रचार के लिए निधिपयोग की गई कुल निधि का वर्षवार ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या सिक्किम राज्य सरकार के वन विभाग ने वन उपज के मूल्यवर्धन से कोई राजस्व अर्जित किया है, यदि तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क) सिक्किम की राज्य सरकार द्‌वारा दी गई सूचना के अनुसार 08 संरक्षित क्षेत्र हैं। इनका विवरण इस प्रकार है:

| **संरक्षित क्षेत्र का नाम** | **क्षेत्रफल (वर्ग किमी में)** |
|---|---|
| कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्दान | 1784.00 |
| शिंगबा रोडोडेंड्रोन अभयारण्य | 43.00 |
| फैमबोंगलो वन्यजीव अभयारण्य | 51.76 |
| क्योंगनोसला अल्पाइन अभयारण्य | 31.00 |
| पंगोलाखा वन्यजीव अभयारण्य | 128.00 |
| किताम पक्षी अभयारण्य | 6.00 |
| मेनम वन्यजीव अभयारण्य | 35.34 |
| बार्सी रोडोडेंड्रोन अभयारण्य | 104.00 |

(ख) सिक्किम की राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल की सूची में शामिल किए जाने के बाद से कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रयुक्त निधि का विवरण इस प्रकार है:-

| **योजना का नाम** | **राशि (लाख रू में)** |
|---|---|
| वन्यजीव पर्यावासों का विकास | 355.88 |
| कंचनजंगा बायोस्फीयर रिजर्व के संरक्षण और प्रबंधन के लिए प्रबंधन कार्य योजना | 447.47 |
| काम्पा | 368.64 |
| सुरक्षित हिमालय परियोजना | 31.25 |
| राज्य अनुदान | 80.00 |
| हरित भारत अभियान | 349.49 |

(ग) सिक्किम की राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, वन विभाग ने वन उत्पादों के मूल्य संवर्धन से कोई राजस्व अर्जित नहीं किया है।

*****